कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/2021/1472 रायपुर, दिनांक 03/12/2021

प्रेस विज्ञप्ति

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों पर खुली सीधी भर्ती/परिसीमित सीधी भर्ती हेतु परीक्षा 2021 (MBS21) हेतु ऑनलाइन आवेदन के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संचालक, संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर, का पत्र क्रमांक/6921/स्था–02/म.बा.वि./2020–21/दिनांक 16.11.2021 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर **पर्यवेक्षक** के रिक्त पदों पर खुली सीधी भर्ती एवं परिसीमित सीधी भर्ती परीक्षा 2021 हेतु छ.ग. व्यापम द्वारा परीक्षा कार्यक्रम तैयार किया गया है ।

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर निम्नानुसार कर सकते हैं :–

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	**03.12.2021 (शुक्रवार)**
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	30.12.2021 (गुरूवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	ऑनलाइन आवेदन में **त्रुटि सुधार** करने की तिथि (त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को रू. 50/– का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा)	–	31 दिसंबर 2021 से 02 जनवरी 2022
4.	व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि	–	14.01.2022 (शुक्रवार)
5.	परीक्षा की तिथि (संभावित)	–	**23 जनवरी 2022 (रविवार)**
6.	परीक्षा का समय :	–	
(i)	खुली सीधी भर्ती हेतु		पूर्वान्ह 9:00 से 12:15 बजे तक
(ii)	परिसीमित सीधी भर्ती हेतु		अपरान्ह 2.00 बजे से 5.15 बजे तक
7.	परीक्षा केन्द्र :	–	**प्रदेश के 05 संभागीय मुख्यालयों में**

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की विधि, भर्ती नियम, विभाग द्वारा जारी विज्ञापन, पाठ्यक्रम, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि आदि का अवलोकन व्यापम की उक्त वेबसाइट पर किया जा सकता है ।

ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संयुक्त नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर